# पीडब्ल्यूडी के आदेश से प्रोटोकाल की व्यवस्था बदली

## कलेक्टर अब सिर्फ सर्किट हाउस तक सीमित

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पीडब्ल्यूडी के आदेश से पूरे प्रदेश के कलेक्टर चिंतित है. चिंता का कारण यह है कि पीडब्ल्यूडी उप सचिव ने आदेश जारी कर सभी रेस्ट हाउस का प्रभार स्थानीय कार्यपालन यंत्री को सौंप दिया. कलेक्टर के पास सिर्फ सर्किट हाउस का प्रभार रह गया, जिसमें सिर्फ चार कमरे हैं.**

वर्षों से प्रोटोकाल की चली आ रही व्यवस्था में बदलाव कर दिया गया है. प्रोटोकाल कलेक्टर के अधीन रहता है, जिसमें वीवीआईपी, वीआईपी और अन्य राजनयिकों के ठहरने, खाने और सुरक्षा की जिम्मेदारी रहती है. कोई भी वीवीआईपी किसी भी शहर में जाता है या आने वाला होता है तो कलेक्टर को सूचना दी जाती है. कलेक्टर अपने मातहत को कह कर कक्ष आवंटित और आरक्षित करता है. उक्त



व्यवस्था पीडब्ल्यूडी के उप सचिव एआर सिंह ने बदल दी है और सभी जिलों में कार्यपालन यंत्री को रेस्ट हाउस के कमरे आवंटन का अधिकार दे दिया है. इतना ही नहीं पीडब्ल्यूडी चीफ इंजीनियर कार्यालय प्रमुख को भी राज्य प्रोटोकाल कर अलावा सारे रेस्ट हाउस और कमरे आरक्षित करने का प्रभार सौंपा गया है. बताया जा रहा है कि उक्त आदेश के पीछे कारण यह है कि पूरे प्रदेश में अधिकांश रेस्ट हाउस और वीआईपी के ठहरने के लिए बंगले और रेसिडेंसी कोठी पीडब्ल्यूडी के अधीन है. इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को ठहरने की सुविधा नहीं मिलती थी. इसके बाद उप सचिव ने आदेश जारी किए हैं.

**वीवीआईपी व्यवस्था करने का संकट गहरा जाएगा**

उक्त आदेश एक बाद सभी जिला कलेक्टरों के सामने वीवीआईपी के व्यवस्था करने के लिए संकट गहरा जाएगा. इंदौर कलेक्टर के पास ही सर्किट हाउस के सिर्फ चार कमरे देने का अधिकार रह गया है. इंदौर में स्थिति यह है कि प्रदेश, देश और कई वरिष्ठ अधिकारी इंदौर में आते रहते है. उनकी सुविधाओं और व्यवस्था करना टेढ़ा काम हो गया है.

# पानी समस्या को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

- 27 साल बाद भी शहर की आधी आबादी परेशान : चौकसे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नगर निगम द्वारा पानी की पूर्ति और व्यवस्था नहीं कर पाने को लेकर कांग्रेस आज सभी झोनल कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी. इस दौरान जनता को पानी देने की मांग की जाएगी.**

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने आज पत्रकारों से चर्चा में बताया कि नगर निगम की लापरवाही से इंदौर गंभीर जलसंकट का सामना कर रहा है. आधे शहर में नर्मदा का पानी आता नहीं है. बाकी जगहों पर बोरिंग में जल स्तर नीचे जाने से जनता को पानी नहीं मिल रहा है. पिछले 27



सालों में भाजपा शासनकाल में नगर निगम पानी व्यवस्था नहीं कर सकी और दावा 2040 की आबादी के हिसाब से पानी के पर्याप्त व्यवस्था का किया जाता है. स्थित यह है कि भाजपा शशी नगर निगम 2026 के आबादी के लिए नर्मदा तीसरे चरण में भू पानी नहीं मिल पा रहा है. चौकसे ने कहा कि सारे शहर में जल वितरण व्यवस्था में भारी असमानता है. जनता निजी टैंकर से पानी खरीदने पर मजबूर है. पूरे शहर की बोरिंग मोटर सुधारने का ठेका निगम ने उल्लास जैन को दिया है. ठेकेदार के मना करने पर भी अन्य ठेकदर को काम नहीं दिया जा रहा है. उपरोक्त समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद दल और संगठन द्वारा आज सुबह नगर निगम के सभी 22 झोनल कार्यालय पर कांग्रेस पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करेगी.

# कड़े नियमों के बीच होगी यूपीएससी परीक्षा, प्रशासन अलर्ट मोड पर

- यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को इंदौर में, दो सत्रों में होगी परीक्षा

नवभारत न्यूज

**इंदौर. यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन 24 मई को इंदौर के 27 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा में 12 हजार 104 परीक्षार्थी शामिल होंगे. इनमें एक परीक्षा केंद्र दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पीडब्ल्यूडी को निर्धारित किया गया है।**

परीक्षा की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त डॉ. सुदामा खाड़े की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. बैठक में उन्होंने परीक्षा कार्य में



लगे अधिकारियों एवं केंद्राध्यक्षों को आयोग द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में उपायुक्त राजस्व सपना लोवंशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रमोद सिंह सहित नगर निगम, एमपीईबी, पोस्ट ऑफिस और कोषालय विभाग के अधिकारी मौजूद रहे. जानकारी के अनुसार परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी. पहला सत्र सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा. परीक्षा केंद्र में प्रवेश केवल आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए ई-एडमिट कार्ड के आधार पर ही दिया जाएगा. परीक्षा संचालन के लिए संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि संयुक्त आयुक्त लिटिगेशन एवं समन्वय शैली कनास को प्रभारी परीक्षा अधिकारी बनाया गया है. संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, विद्युत और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए.

**इन उपकरणों पर रहेगा प्रतिबंध**

आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन, स्मार्ट व डिजिटल घड़ी, ब्लूटूथ, आईटी गैजेट्स, कैलकुलेटर, बैग और अन्य संचार उपकरण ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. अभ्यर्थियों को केवल पेन, पेंसिल, ई-एडमिट कार्ड, स्वयं की फोटो और निर्धारित पहचान पत्र ही साथ लाने की अनुमति होगी. आयोग ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को केवल ई-एडमिट कार्ड में उल्लेखित परीक्षा केंद्र पर ही प्रवेश दिया जाएगा.

# एमपीपीएससी परीक्षा में सख्ती

## 17 मई को होगी सहायक कुल सचिव भर्ती परीक्षा

नवभारत न्यूज

**इंदौर. एमपीपीएससी द्वारा आयोजित सहायक कुल सचिव परीक्षा-2025 का आयोजन 17 मई को किया जाएगा. यह परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से प्रदेश के चार संभागीय मुख्यालयों के परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगी.**

परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आयोग द्वारा त्रिस्तरीय नई व्यवस्था लागू की गई है. इसके तहत परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग और एचएचएमडी (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से जांच की जाएगी. पुरुष अभ्यर्थियों की जांच पुरुष वीक्षक तथा महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा की जाएगी. वहीं ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को यह सुविधा दी गई है कि वे अपनी फ्रिस्किंग महिला या पुरुष कर्मचारियों में से किसी एक से करा सकेंगे. आयोग ने सभी परीक्षार्थियों के लिए इस जांच प्रक्रिया का पालन अनिवार्य किया है. साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 90 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं.

## एक नजर में

### एमेजॉन ने फ्रेट हाईवे इलेक्ट्रिफिकेशन का ब्लूप्रिंट किया पेश

इंदौर. एमेज़ॉन द्वारा स्थापित द क्लाईमेट प्लेज़ (टीसीपी) ने आज सी40 सिटीज़ के सहयोग से फ्रेट ट्रांसपोर्ट को डीज़ल से जीरो एग्ज़ॉस्ट एमिशन बैटरी इलेक्ट्रिक ट्रक्स में बदलने के लिए भारत का पहला प्रमाण आधारित रोडमैप पेश किया. नेशनल ई.वी हाईवे गाईडेंस फ्रेमवर्क में साल 2027 तक भारत के सबसे व्यस्त फ्रेट मार्गों को इलेक्ट्रिफाई करने के लिए एक चरणबद्ध प्लान की पेशकश की गई है, जिसकी शुरुआत भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा चुने गए 20 प्राथमिक हाईवे से होगी. इसके बाद इसका विस्तार औद्योगिक केंद्रों एवं पोर्ट्स तक किया जाएगा. अभिनव सिंह, वी.पी, ऑपरेशंस, भारत एवं ऑस्ट्रेलिया, एमेज़ॉन ने कहा हम अपने ऑपरेशंस को ज्यादा सस्टेनेबल बनाने में निवेश कर रहे हैं. इसके लिए हमारे लॉजिस्टिक्स को इलेक्ट्रिफाई करना बहुत जरूरी है. क्लाईमेट प्लेज़ के माध्यम से हम अपने हितधारकों के साथ मिलकर भारत में इलेक्ट्रिक फ्रेट सॉल्यूशंस का विस्तार कर रहे हैं.

### केएफसी ने पेश किया शावरमा

इंदौर. केएफसी इंडिया भारत के शावरमा लवर्स के लिए लाया है ऑल-न्यू क्रिस्पी शॉवरमा रैप एक वॉव ट्विस्ट के साथ. यह ऑल-न्यू मेन्यू आइटम, आपके जाने-पहचाने फेवरीट में एक केएफसी ट्विस्ट है. केएफसी का क्रिस्पी शावरमा रैप स्वादिष्ट, टोस्टेड टॉर्टिला रैप के साथ आता है, जो चस्नष्ट की मशहूर क्रिस्पी पेरी-पेरी चिकन स्ट्रिप्स, क्रीमी शावरमा मेयो, फ्रेश लेट्यूस और टैंगी पिकल्ड मेडिटेरेनियन वैजीज़ से भरपूर है. ऑल न्यू केएफसी क्रिस्पी शावरमा रैप पूरे भारत में 1300+ चस्नष्ट रेस्टोरेंट में डाइन-इन और टेकअवे के लिए केवल 169 रुपए की शुरुआती कीमत में उपलब्ध है. इसे केएफसी ऐप, वेबसाइट या मुख्य फूड डिलीवरी ऐप्स से भी ऑर्डर किया जा सकता है.

### खजराना गणेश मंदिर पर भागवत ज्ञान यज्ञ 17 से



इंदौर. पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में सप्त ऋषि भागवत मंडल के तत्वावधान में 17 से 23 मई तक प्रख्यात भागवताचार्य और दुनिया के अनेक देशों में सनातन संस्कृति का परचम फहरा चुके अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी के श्रीमुख से खजराना गणेश मंदिर परिसर के गणेश हॉल में भागवत ज्ञान यज्ञ का दिव्य अनुष्ठान किया जा रहा है. अनुष्ठान का शुभारंभ 17 मई को सुबह 8 बजे मंदिर परिसर में शोभा यात्रा के साथ होगा। पहले दिन की कथा सुबह 9 से 11 बजे तक होगी तथा 18 से 23 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक पं. तिवारी भागवत कथामृत की वर्षा करेंगे. सप्त ऋषि भागवत मंडल के प्रमुख अशोक-आरती खंडेलवाल, रामचंद्र-उषा पितलिया एवं लक्ष्मण-चंद्रकांता कानूनगो ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन कलश यात्रा के पश्चात गोकर्ण चरित्र एवं भागवत की महिमा का प्रसंग होगा. कथा में प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग मनोरथी मनोनीत किए गए हैं तथा कथा प्रसंगानुसार अलग-अलग ड्रेस कोड तय किया गया है.

### साबूदाना की आपूर्ति सुनिश्चित करने का आह्वान

इंदौर. इस वर्ष 17 मई से पवित्र पुरुषोत्तम महीना प्रारंभ हो रहा है. इस दौरान व्रत-उपवास की फलाहारी वस्तुओं की मांग में सामान्यत: उल्लेखनीय वृद्धि होती है. साबु ट्रेड को उम्मीद है कि इस बार साबूदाना, मोरधन, न्यूट्रीदाना, नारियल बूर्रा, साबूदाना पापड़, हल्दी पाउडर, मखाना, फरियाली आटा आदि उत्पादों की मांग बढ़ सकती है. कसावा कंद का सीजन प्राय: समाप्त हो चुका है, जिसके कारण साबूदाने की आवक कमजोर पड़ गई है. ऐसी स्थिति में साबु ट्रेड ने देश भर के अपने सभी वितरकों, स्टॉकिस्टों एवं व्यापारियों से विशेष आग्रह किया है कि वे इस बार आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें, ताकि उपभोक्ताओं को व्रत-उपवास के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. साबु ट्रेड के संस्थापक चेयरमैन गोपाल साबु ने बताया कि पुरुषोत्तम मास हमारे उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत पवित्र समय है. हमारा दायित्व है कि उन्हें शुद्ध, उच्च गुणवत्ता वाले फरियाली उत्पाद आसानी से उपलब्ध हों. हम अपने सभी वितरक भागीदारों से अपील करते हैं कि वे इस मौसम में पर्याप्त स्टॉक रखें और आपूर्ति में कमी न आने दें.

### पीएनजी ज्वैलर्स ने स्वर्ण स्वराज किया लॉन्च

इंदौर. वर्ष 1832 में स्थापित पीएनजी ज्वैलर्सने आज 'स्वर्णस्वराज' पहल की घोषणा की. यह एक 'राष्ट्र-प्रथम' अभियानहै, जिसका उद्देश्य भारतीय घरों में निष्क्रिय पड़े विशाल स्वर्ण भंडार को आर्थिक प्रवाह में लाना, देश की सोने के आयात पर निर्भरता को कम करना तथा देशभर में सोने के स्वामित्व और उपभोग के अधिक जिम्मेदार एवं जागरूक तरीकों को बढ़ावा देना है. यह पहल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीयों से सोने की खरीद में संयम रखने की गई अपील को स्वीकार करते हुए, राष्ट्रहित की भावना से पीएनजी ज्वेलर्स द्वारा दिया गया एक स्वैच्छिक और जिम्मेदार जवाब है. इस अभियान पर टिप्पणी करते हुए चेयर मैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सौरभ गाडगिल ने कहा जब हमारे प्रधानमंत्री राष्ट्र के हित में कोई आह्वान करते हैं, तो हम उसका उत्तर केवल एक रिटेलर के रूप में नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार संस्था के रूप में देते हैं. पिछले 194 वर्षों से यह ब्रांड भारतीय परिवारों के जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है. विवाह, उत्सव और जीवन के अनेक महत्वपूर्ण अवसरों पर हमें उनके विश्वास और स्नेह का सहभागी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है.



# मंशापूर्ण शनि मंदिर पर सजा पुष्प बंगला

**इंदौर. यंग इंडिया क्लब के तत्वावधान में जिंसी चौराहा स्थित मंशापूर्ण शनि मंदिर पर तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव का आयोजन गुरुवार से प्रारंभ हुआ. भक्तों द्वारा भव्य फूल बंगला श्रृंगारित किया गया.**

यंग इंडिया क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल एवं सतीश सेन ने बताया कि सैकड़ों भक्तों ने शाम को मंदिर पहुंचकर पुष्प बंगला में विराजित मंशापूर्ण शनिदेव के दर्शन किए. महोत्सव में 15 मई को सायं 7 बजे से देवी अहिल्या वि.वि. कर्मचारी रामायण मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। क्लब के राजेश शर्मा, रमेश सेन, विनोद बोहरा ने बताया कि शनिवार 16 मई को शनि जयंती के मुख्य महोत्सव में दिनभर विभिन्न अनुष्ठान होंगे.

# प्रगति नगर में 60 फीट रोड का काम शुरू

नव भारत

**इंदौर. आज नगर निगम द्वारा पश्चिम क्षेत्र के प्रगति मगर सड़क का काम शुरू किया. सड़क 60 फीट चौड़ी बनाई जाएगी. सड़क निर्माण का भूमिपूजन महापौर और विधायक ने किया.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक मधु वर्मा ने प्रगति नगर में 60 फीट चौड़ी नई सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया. महापौर मित्र भार्गव ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के यातायात और कॉलोनी के भीतर आवागमन को अधिक सुगम बनाएगी. महापौर ने पार्षद प्रशांत बडवे की तारीफ की और कहा कि वार्ड में अब तक लगभग 30 करोड़ रुपए के विकास कार्य करा चुके हैं.



**पालतू कुत्तों के मालिकों पर होगी कार्रवाई**

महापौर ने बताया कि उन्होंने सुबह जोन क्रमांक 14, 15 और 16 का दौरा कर स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया. सिरपुर तालाब आने-जाने वाले नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि शहरवासियों से आग्रह है कि सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखें. यदि पालतू कुत्तों को घुमाने के दौरान गंदगी फैलाई गई तो नगर निगम द्वारा चालानी कार्रवाई की जाएगी.

**घर-घर सोलर लगाने का आग्रह**

महापौर ने नागरिकों से अपने घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का आग्रह किया है. कॉलोनियों को हर घर सोलर अभियान से जोड़ना है. इससे बिजली खर्च में कमी आएगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा.

**हर शुक्रवार दो पहिया वाहन से घूमेंगे महापौर**-महापौर ने कहा कि नरेंद्र मोदी की पर्यावरण संरक्षण संबंधी अपील से प्रेरित होकर उन्होंने स्वयं निर्णय लिया है कि प्रत्येक शुक्रवार को दो पहिया वाहन से घूमेंगे.

# इंदौर से 12 जून को रवाना होगी पशुपतिनाथ दर्शन स्पेशल ट्रेन

## आईआरसीटीसी की विशेष पहल इंदौर से नेपाल के लिए 10 दिन की भव्य धार्मिक यात्रा

नवभारत न्यूज

**इंदौर. मध्य प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी एक बार फिर विशेष धार्मिक यात्रा लेकर आया है.**

आईआरसीटीसी इंदौर के अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन 12 जून 2026 को इंदौर से नेपाल स्थित प्रसिद्ध पशुपति नाथ दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी. यह 10 दिवसीय विशेष धार्मिक यात्रा होगी, जिसमें यात्रियों को नेपाल के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे. मुकेश कुमार के अनुसार यह विशेष ट्रेन इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और सतना रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इन सभी स्टेशनों से यात्री ट्रेन में सवार हो सकेंगे. उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को चितवन राष्ट्रीय उद्यान पोखरा काठमांडू और सहित कई प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा. यात्रियों को आध्यात्मिक यात्रा के साथ-साथ नेपाल की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव भी मिलेगा. आईआरसीटीसी द्वारा तैयार किए गए इस सर्व-सुविधायुक्त पैकेज में



यात्रियों को आरामदायक एसी ट्रेन यात्रा, ऑन-बोर्ड एवं ऑफ-बोर्ड शुद्ध भोजन, होटल में ठहरने की सुविधा, एसी बसों से दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, टूर एस्कॉर्ट, यात्रा बीमा, सुरक्षा व्यवस्था और हाउसकीपिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. मुकेश कुमार ने बताया कि यह विशेष ट्रेन रक्सौल तक जाएगी. इसके बाद यात्रियों को नेपाल के विभिन्न स्थलों तक एसी बसों के माध्यम से ले जाया जाएगा. दुर्गम क्षेत्रों और सड़क मार्ग की यात्रा भी इसी पैकेज में शामिल रहेगी, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

**लगाए जाएंगे 14 आधुनिक कोच**

उन्होंने जानकारी दी कि पूरी ट्रेन में कुल 14 आधुनिक कोच लगाए जाएंगे और करीब 150 यात्री इस यात्रा का लाभ उठा सकेंगे. अब तक लगभग 60 सीटों की बुकिंग हो चुकी है. ट्रेन में दो अत्याधुनिक रेस्टोरेंट कोच भी रहेंगे, जहां एक समय में 60-60 यात्री भोजन कर सकेंगे और चलती ट्रेन में रेस्टोरेंट जैसी प्रीमियम सुविधा का आनंद ले पाएंगे. यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में विशेष गार्ड और आधुनिक अनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था भी रहेगी, जो स्टेशन आने से पहले यात्रियों को आवश्यक जानकारी देता रहेगा.

**पासपोर्ट या वोटर आईडी कार्ड अनिवार्य**-मुकेश कुमार ने बताया कि नेपाल यात्रा के लिए यात्रियों के पास पासपोर्ट या वोटर आईडी कार्ड होना अनिवार्य है. आईआरसीटीसी द्वारा यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. उन्होंने कहा कि यात्रियों में इस धार्मिक यात्रा को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है.

# मप्र वैश्य महासम्मेलन का शिविर कल

इंदौर. मप्र वैश्य महासम्मेलन की ओर से शहर के सभी वैश्य घटकों के लिए स्वस्थ समाज अभियान के तहत 16 मई को अहमदाबाद के घुटना प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. धीरज मारोठी जैन की टीम द्वारा पलासिया स्थित आचार्य तुलसी फिजियोथैरेपी सेंटर तेरा पंथ भवन पर सुबह 10.30 बजे से ओपीडी शिविर का आयोजन जैन समाज के सहयोग से किया जा रहा है. संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागड़ी ने बताया कि डॉ. धीरज जैन पिछले 23 वर्षों से घुटना प्रत्यारोपण के क्षेत्र में देश-विदेश में अपनी ख्याति अर्जित कर चुके हैं। अब संगठन की ओर से जैन समाज के सहयोग से इंदौर में डॉ. जैन की टीम द्वारा नाममात्र शुल्क पर सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 बजे तक ओपीडी शिविर का आयोजन किया जा रहा है.

# गजासीन शनि धाम में हजारों भक्त करेंगे सुंदरकांड, निकलेगी पालकी

## शनि जयंती पर दो दिवसीय विशेष आयोजन

इंदौर. उषा नगर स्थित गजासीन धाम में आगामी 16 और 17 मई को शनि जयंती के पावन अवसर पर दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने जा रहा है.

आयोजन के प्रथम दिन, 16 मई को सुबह 8 से 12 बजे तक आचार्य कल्याण दत्त शास्त्री और पंडित महेंद्र दुबे के मार्गदर्शन में पंच कुंडीय शनि शांति यज्ञ संपन्न होगा, जिसमें शनि देव के विभिन्न बीज मंत्र, तांत्रोक्त मंत्र,वैदिक मंत्र से आहुतियां प्रदान की जाएगी. दोपहर 12 बजे भगवान शनि देव की जन्म आरती की जाएगी. शाम का मुख्य आकर्षण सामूहिक सुंदरकांड पाठ होगा. शाम 5.50 पर शंखनाद और दीप प्रज्वलन के साथ ठीक 6 बजे सुंदरकांड शुरू होगा. इस पाठ की विशेषता यह है कि बिना किसी भजन या संपुट के हजारों भक्त एक स्वर में



पाठ करेंगे. पाठ में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक भक्त को सिद्ध रुद्राक्ष, शनि चालीसा, चित्र और शनि प्रसाद पुस्तिका नि:शुल्क भेंट की जाएगी. महोत्सव के दूसरे दिन, 17 मई को शाम 6 बजे शनि देव पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे. धाम में शनि देव का विशेष पुष्प श्रृंगार और 56 भोग के दर्शन होंगे. साथ ही, धाम में स्थित भैरव बाबा को इस बार उज्जैन के महाकाल का भव्य स्वरूप दिया जा रहा है.

**एक नजर में** ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन

# त्रिशिर धवन एवं साहयाद्री चावड़ा को दोहरा खिताब

**इंदौर. मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की गई प्योराशोर ऑल इण्डिया ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेष के त्रिशिर धवन ने बालक वर्ग 14 वर्ष आयु का दोहरा खिताब जीता तथा बालिका वर्ग 14 वर्ष आयु का दोहरा खिताब गुजरात की साहयाद्री चावड़ा ने जीत लिया है.**

स्पर्धा का समापन समारोह कुलविंदर सिंह गिल, महासचिव बासकेटबॉल फेडरेशन ऑफ इण्डिया, सुनील बजाज महासचिव बिलियर्डस एण्ड स्नूकर फेडरेषन ऑफ इण्डिया, अनिल धूपर पूर्व महासचिव अखिल भारतीय टेनिस संघ के आतिथ्य में किया. समारोह का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया है. बालक वर्ग में 14 वर्ष आयु एकल फाइनल में त्रिशिर धवन म.प्र. ने



विहान नवाब को 6-2, 6-2 से हराया. बालिका वर्ग 14 वर्ष आयु के एकल फाइनल **में साहयाद्री चावड़ा गुजरात ने अराध्या पाटिल महाराष्ट्र को 6-2, 6-4 से हराया.** -बालक वर्ग 14 वर्ष आयु के युगल फाइनल में त्रिशिर धवन-विहान नवाब ने ओजस मिश्रा-ऋगवेद मालसे को 6-3, 6-1 से हराया. बालिका वर्ग 14 वर्ष आयु युगल फाइनल में ऐशवी जैन-साहयाद्री चावड़ा (म.प्र.-गुज.) ने आर्या गोयल-अनवी सोनी (म.प्र.) को 6-2, 6-2 से हराया.